तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 मई 2024

11 चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए करें ...

12 कैंप में पहुंची केवल दस शिकायतें


किराया हर महीने गारंटीड और कीमत बढ़ौतरी
44 फुट चौड़ी सड़कें, पार्किंग व सीवर, पानी
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
दुकान, कोठी व प्लॉट के लिए संपर्क करें
शुरू 11 लाख में दुकान
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 9832100038
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- झज्जर रोड द्वितीय जलघर में लगेगा शिकायत सुनने के लिए कैंप।

## खबर संक्षेप

### प्रो. आरआर सैनी कॉमर्स विभागाध्यक्ष मनोनीत
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्रो. आरआर. सैनी को कॉमर्स विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रो. आर.आर. सैनी की बतौर कॉमर्स विभागाध्यक्ष नियुक्ति तुरंत प्रभाव से 30 जून 2025 तक की गई है।

### 13 शोधार्थी पीएचडी पात्र घोषित किए
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अधीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 13 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि इनमें कॉमर्स से सरिता, हरीश चंद्र, ईशांत लूथरा व ज्योति, लॉ से मोहम्मद इम्तियाज खान व राकेश, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से बलविंदर कुमार, फार्मास्यूटिकल साइंसेज से विरेन्द्र कुमार, ज्योति व प्रीति गर्ग, शिक्षा से शोभा रानी, दृश्य कला से हर्षिका तथा हिन्दी से पवित्रा देवी शामिल हैं।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़े
**रोहतक।** गांव खेड़ीसाध में घर के बाहर गाड़ी के शरारती तत्वों ने शीशे तोड़ दिए। पुलिस को दी शिकायत में सतीश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात गली में गाड़ी खड़ी की थी। जब मंगलवार की सुबह देखा तो गाड़ी के आगे व पीछे के शीशे टूटे मिले। उन्होंने कहा कि अब गाड़ी को गली में खड़ा करना भी काफी मुश्किल काम हो रहा है।

### सुभाष नगर में युवक पर हमला, केस दर्ज
**रोहतक।** सुभाष नगर में एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। सुभाष नगर निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैलून का काम करता है। पांच मई को रात साढ़े नौ बजे कमरे पर था। उस समय सोनीपत के रहने वाला सचिन आया और कहा कि किराए के लिए कमरा देखने जाना है। जैसे घर के बाहर निकला तो पार्क में दो-तीन युवक खड़े मिले और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे, फिर सचिन भी उनके साथ मिल गया और मारपीट शुरू कर दी।

### झुलसे तीन व्यक्तियों में से एक की मौत
**रोहतक।** जींद रोड स्थित बालक नाथ डेरे के पास पेट्रोल की कैन में आग लगने से झुलसे तीन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बता दें कि माता दरवाजा निवासी धनराज ने जींद रोड पर चाय की दुकान की हुई है और संजय की भी वहीं पास में कबाड़ी की दुकान है। सोमवार शाम को संजय ने फोन कर चाय लाने के लिए बोला, जैसे ही धनराज चाय देने के लिए गया तो वहां पहले से ही बैठे महेंद्र व संजय दोनों बैठे थे।

नगर निगम ने दो माह पहले जारी किया था टेंडर
# शहर के लोगों को मिलेगी बंदरों से निजात पकड़ने का कार्य शुरू, अब तक 25 पकड़े

- जींद और कलेसर में छोड़े जाएंगे पकड़े गए बंदर
- ठेकेदार को करना होगा बंदरों के लिए पिंजरे और खाने पीने का इंतजाम
- प्रति बंदर ठेकेदार को दिए जाएंगे 14 सौ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के लोगों को बंदरों से जल्द ही छुटकारा मिल जाएगा। नगर निगम द्वारा दो माह पहले बंदर पकड़ने के लिए टेंडर जारी किया था लेकिन किसी कारणवश काम शुरू नहीं हो पा रहा था। अब ठेकेदार ने बंदर पकड़ने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। अब तक कॉलोनियों से करीब 25 बंदर पकड़ लिए गए हैं। इन बंदरों के लिए जाल, पिंजरे, खाने पीने का इंतजाम ठेकेदार द्वारा ही किया जाएगा।

इसके बाद बंदरों को जींद और कलेसर के जंगलों में छोड़ा जाएगा। सबसे पहले उन कॉलोनियों से बंदर पकड़े जाएंगे जहां इनकी संख्या ज्यादा है। साथ ही निगम आयुक्त अजय कुमार ने बंदरों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा निगम द्वारा सफाई कार्यों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है।



### फरवरी में दिया था टेंडर
फरवरी माह में नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त प्रदीप दहिया ने बताया था कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि शहर में बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। इसलिए बंदरों को पकड़ने के लिए निगम ने टेंडर जारी किया था। इसके तहत यूपी के मथुरा के ठेकेदार को 1400 रुपये प्रति बंदर के हिसाब से ठेका दिया गया है। शर्त है कि ठेकेदार को बंदर को पकड़ने के साथ-साथ उसकी देखरेख, खानपान से लेकर जंगल में छोड़ना होगा। जिम्मेदारी पूरी नहीं करने पर उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### बंदरों ने लोगों को काटा
बीते दिनों शहर में कई कॉलोनियों में बंदरों ने लोगों को काट लिया था। इसके अलावा सामान में तोड़फोड़ करना और घर में घुसना आम बात हो गई थी। बंदर के काटने के बाद भी मरीज को वैक्सीन लगवानी पड़ती है जिसे ठीक होने में काफी समय लग जाता है।

### हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया
बंदरों से लोगों को जल्द ही छुटकारा मिल जाएगा। बंदर पकड़ने के लिए ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। अब तक 25 से ज्यादा बंदर पकड़े जा चुके हैं। जिन्हें जंगलों में छोड़ा जाएगा। बंदरों से सम्बंधित शिकायतों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सफाई के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। - **विजय सिंह,** संयुक्त आयुक्त नगर निगम

### यहां दे सूचना
नगर निगम के कन्ट्रोल रूम में आमजन की सुविधा के लिए हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया है। सफाई से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो उसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय के टोल फ्री नंबर 18001805007, 14420 व 8295900992 पर या स्वच्छ ऐप पर दर्ज करवाई जा सकती है। इसके बाद शिकायत पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।


ग्लोबल हैंड हाइजीन दिवस पर डॉक्टरों के साथ निदेशक डॉ. एसएस लोहचब।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने ग्लोबल हैंड हाइजीन दिवस मनाया
## हाथों के जरिए फैलने वाली बीमारियों के संक्रमण को रोकना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में मंगलवार को माइक्रोबायोलॉजी विभाग की तरफ से ग्लोबल हैंड हाइजीन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमजन को हाथों की सफाई से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ अनीता सक्सेना उपस्थित हुई।

कुलपति ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ अपर्णा परमार व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने आज यह कार्यक्रम आयोजित करवाकर बहुत अच्छा कार्य किया है क्योंकि बहुत सारी बीमारियां हैं जो हाथों के माध्यम से हमारे शरीर में जाती हैं। हाथों के जरिए फैलने वाली बीमारियों के संक्रमण के रोकने के लिए जरूरी है कि हाथों को अच्छी तरह साफ किया जाए। सिर्फ पानी के इस्तेमाल से हाथों के किटाणु नहीं मरते और वे आपको या आपके आस-पास के व्यक्ति को बीमार बना सकते हैं। हाथों को अच्छी तरह से साफ करें।

### ऐसे करें हैंड वॉश
निदेशक डॉ एसएस लोहचब ने कहा कि सबसे पहले अपने हाथों को पानी से गीला करें। अब साबुन या हैंड वॉश का इस्तेमाल करके, अपने हाथों पर अच्छे से झाग बनाएं। अब अपने दोनों हाथों को अच्छे से रगड़कर साफ करें। डॉ लोहचब ने बताया कि उंगलियों के बीच, नाखुन और हाथों के पीछे के हिस्से को साफ करना न भूलें। हाथों को कम से कम 20-30 सेकंड कर रगड़ें, ताकि किटाणु और धूल-मिट्टी अच्छे से साफ हो सके।

### इनफेक्शन कंट्रोल मैन्युअल का विमोचन किया गया
डॉ अपर्णा ने बताया कि कुलपति डॉ अनीता सक्सेना द्वारा आज इस महत्वपूर्ण दिवस पर इनफेक्शन कंट्रोल मैन्युअल का भी विमोचन किया गया। इसके साथ ही नर्सिंग और एमबीबीएस के विद्यार्थियों द्वारा हाथों की स्वच्छता पर पोस्टर बनाए गए। इस अवसर पर डॉ मधु, डॉ निधि, डॉक्टर परमजीत गिल, डॉक्टर किरण, डॉक्टर रितु, डॉ पारूल, डॉ हिलाल, डॉ अंकिता, डॉ मोनिका, डॉ निकिता, डॉ रकसंदा, सुमन उपस्थित रहे।

## भाजपा 11-12 को चलाएगी हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान

**रोहतक।** लोकसभा चुनाव प्रचार को धार देते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र को साथ लेकर दो दिन में प्रदेश के हर घर में पहुंचने का प्लान बनाया है। 11 और 12 मई को विशेष रूप से चलाए जाने वाले हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित सभी मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय नेताओं के कार्यक्रम से संबंधित एक सवाल पर सुभाष बराला ने बताया कि देश के गृहमंत्री का आना तय हो गया है, वे कब आएंगे, जल्दी इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 10 मई को चंडीगढ़ किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आ रहे हैं, उसी दिन हरियाणा में भी उनके साथ बैठक होगी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर योजनाएं बनेंगी।



अमित शाह रोहतक आएंगे


**रोहतक।** चयनित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया व अन्य प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### एमडीयू-आईएचटीएम के छात्र फ्रांस में करेंगे इंटर्नशिप
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनजमेंट (आईएचटीएम) के दो विद्यार्थी- तन्नु व धीरज फ्रांस के प्रतिष्ठित होटल क्विअद प्रेस्टीज एंड स्पा, ल्योन में इंटर्नशिप करेंगे। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि बैचलर इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थी-तन्नु व धीरज फ्रांस के प्रतिष्ठित होटल क्विअद प्रेस्टीज एंड स्पा, ल्योन में इंटर्नशिप करने के लिए चयनित हुए हैं। प्रो. दहिया ने इन दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। तन्नु व धीरज ने इस चयन के लिए निदेशक, आईएचटीएम प्रो. दहिया तथा प्राध्यापकों का आभार जताया।

## सीपीएएस गुरुग्राम डायरेक्टर पर यौन उत्पीड़न नहीं हरासमेंट के हैं आरोप: प्रो. सपना गर्ग

- बुधवार को जांच कमेटी की ग्यारह बजे मीटिंग होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय सीपीएएस-गुरुग्राम की शिक्षिकाओं द्वारा ने उनके डायरेक्टर पर लगाए उत्पीड़न के आरोपों को लेकर बुधवार को जांच कमेटी की ग्यारह बजे मीटिंग होगी। कमेटी की अध्यक्ष प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बीते सोमवार को मामले की जांच करने के आदेश कमेटी को दिए थे। ये कमेटी महिला यौन उत्पीड़न और महिलाओं के विरूद्ध उत्पीड़न के दूसरे मामलों की जांच करती है। इसलिए मैंने ये समझा कि सीपीएएस-गुरुग्राम के डायरेक्टर डॉ. कैलाश पर यौन उत्पीड़न के आरोप शिक्षिकाओं ने लगाए होंगे। सोमवार को बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए थे। मुझे शिकायत की सही जानकारी नहीं थी। ऐसा प्रो. सपना गर्ग ने मंगलवार को बताया।



### सामान्य उत्पीड़न के आरोप
प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि मंगलवार को जब लिफाफे को खोला गया तो उसमें पाया गया कि डायरेक्टर पर यौन उत्पीड़न की बजाय सामान्य उत्पीड़न के आरोप हैं। प्रो. गर्ग ने कहा कि बुधवार को कमेटी की मीटिंग होगी। इसमें ये तय किया जाएगा शिकायतकर्ता और आरोपियों से कब पूछताछ करनी है। ध्यान रहे कि एमडीयू सीपीएएस-गुरुग्राम की शिक्षिकाओं ने उनके डायरेक्टर पर आरोप लगाए हैं कि वे उनका लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं। उनके दुर्व्यवहार की वजह से मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन मामले की जांच करे। पिछले दिन स्टॉफ काउंसिल की मीटिंग में भीद बदतमीजी करने के आरोप एक शिक्षिका ने डायरेक्टर पर आरोप लगाए हुए हैं। इन आरोपों में कितनी सच्चाई है,इसकी जांच कमेटी करेगी।

## 27 उम्मीदवारों के 32 नामांकन पत्र सही मिले

- 7 उम्मीदवार के 8 नॉमिनेशन रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि रोहतक लोकसभा सीट के लिए 34 उम्मीदवारों के 40 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत 27 उम्मीदवारों के 32 नामांकन पत्र सही पाये गए तथा 7 उम्मीदवारों के 8 नामांकन पत्र रद कर दिये गए है। उम्मीदवार 9 मई तक नामांकन पत्र वापिस ले सकेंगे। लोकसभा आम चुनाव के छठे चरण में प्रदेश में 25 को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत त्रुटि पाये जाने पर 8 नामांकन पत्र रद किये गए हैं। आजाद उम्मदवार दया कृष्ण, मुकेश, अनिल कुमार, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार हवा सिंह, भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रीटा शर्मा के दो नामांकन पत्र, इंडियन नेशनल कॉग्रेस की उम्मीदवार हेम श्वेता मिर्धा हुड्डा तथा जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार संदीप हुड्डा के नामांकन पत्र रद किये गए।

सख्ती | 10 मई को जिले में विवाह बंधन में बधेंगे सैकड़ों जोड़े

प्रशासन की शादियों पर नजर

## अक्षय तृतीया पर नाबालिग की शादी हुई तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अक्षय तृतीय पर्व 10 मई के अवसर पर बड़े स्तर पर शादियां होती हैं जिसमें बाल विवाह होने की संभावना भी रहती है। इसी के मद्देनजर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जिले में बाल विवाह जैसी घटनाओं पर विशेष नजर रखें। जिसके अंतर्गत संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, जिला बाल कल्याण इकाई, सभी जिला परियोजना अधिकारियों व एमडीडी संस्था ने संयुक्त रूप से बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर द्वारा इस सम्बन्ध में जिला के धार्मिक स्थलों के प्रमुखों के साथ बातचीत की गई और उन्हें भी बाल विवाह के खिलाफ अभियान में शामिल होने की अपील की है। इनमें मुख्य रूप से माता दरवाजा स्थित माता मंदिर, गुरुद्वारा टिकाना साहिब, लाल मस्जिद व नूरानी मस्जिद, कलानौर स्थित सत जिन्दा कल्याणा आश्रम व कलानौर की मस्जिद में बाल विवाह निषेध कानून से सम्बंधित जानकारी दी गई।


**रोहतक।** काहनौर में महिलाओं को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देतीं करमिन्दर कौर।

### बैंक्वेट हॉल संचालकों को किया जागरूक
इसके साथ-साथ कुछ बैंक्वेट हाल संचालकों, प्रिंटिंग प्रैस मालिकों को भी जागरूक किया गया। इसके अलावा सम्बंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ मिलकर आंगनवाड़ियों में महिलाओं को जागरूक किया जा जा रहा है। साथ ही जिले के स्कूलों में भी बाल विवाह निषेध कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### मुहिम में शामिल होने की अपील
संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करन्दिर कौर ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि बाल विवाह को मिटाने में आगे आएं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम लड़के को नाबालिग माना जाता है। 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। इसके अलावा बाल विवाह की कोई कानूनी मान्यता नहीं है।

### दो साल तक हो सकती है सजा
करमिन्दर कौर ने आगे कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उस में सहायता करता है, उसको दो साल तक की कड़ी सजा और एक लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि रोहतक जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करें। अगर किसी को भी अपने आसपास बाल विवाह के बारे में पता चले तो तुरन्त संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, 181, व डायल 112 में सूचित करें।

### इतनी शिकायतें पहुंचीं
वर्ष 2022-23 में जिले में बाल विवाह से सम्बंधित 15 शिकायत आईं। 12 मामलों में शादी स्थगित करवाई 3 में पुलिस कार्यवाही की गई। वर्ष 2023-24 में जिले में बाल विवाह से सम्बंधित 7 शिकायतें आई। 6 मामलों में शादी स्थगित करवाई गई। 1 मामले में सूचना गलत पाई गई। इस वर्ष बाल विवाह की 2 शिकायतें आई हैं। इन शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए दोनों शादियां स्थगित करवा दी गई हैं।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

## लाइफ Style

# सुष्मिता दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

## टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैंन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'

## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप



### सांपला में मतदान के लिए किया जागरूक

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को छात्राओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने छात्रों को वोट बनवाने और मतदान के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के इंचार्ज डॉक्टर सपना ने भी छात्राओं को प्रेरित किया।

### एक से बीस जून तक गाइडेंस प्रोग्राम होगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज 1 से 20 जून तक साफ्ट स्किल्ज एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के नौंवे बैच का आयोजन करेगा। परियोजना निदेशक प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में एडमिशन लेने के इच्छुक एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थी 31 मई तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए एक्टिविटी सेंटर स्थित यूथ सेंटर कार्यालय में विजिट कर सकते हैं।

### कजाकिस्तान में भापड़ोदा के बेटे ने जीता मेडल

**सांपला।** कजाकिस्तान में हुई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भापड़ोदा गांव के छोरे ने मेडल जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। आरियन पुत्र मनोज कुमार ने यह मेडल 92 किलोभार में जीता है। बेटे की जीत की खबर मिलने पर परिवार व ग्रामीणों ने खुशी मनाई है। गांव में पहुंचने पर उनका स्वागत भी किया जाएगा। आरियन इससे पहले भी मेडल जीत चुका है। आरियन के पिता मनोज कुमार ने बताया कि बेटे ने कजाकिस्तान की प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है। 2024में हुए यूथ वर्ल्ड कप में ब्राउन मेडल जीता था। 2022-23 में भी नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रह चुका है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहली में चोरी

**कलानौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहली के कंप्यूटर कक्ष को निशाना बनाकर लाखों रुपये के कंप्यूटर बैटरी तथा अन्य उपकरण चोरी करने का मामला सामने आया है। कलानौर पुलिस ने विद्यालय की प्रिंसिपल पूनम की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की लाहली की प्राचार्या पूनम ने बताया कि मंगलवार सुबह मुझे सूचना मिली कि गत रात्रि आज्ञात चोरों ने स्कूल के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर सामान चोरी किया है, तो मैंने अपने स्टाफ के साथ कंप्यूटर कक्ष का सामान संभाला तो उसमें से जो एलईडी, 15 बैटरी, एक इनवर्टर, 3 सीपीयू, 8 डोंगल, 6 हार्ड डिस्क केबल तथा कीबोर्ड माउस सहित अन्य सामान चोरी हुआ मिला।



## लोकसभा की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए करें सभी प्रबंध :पर्यवेक्षक रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। सभी नाका पर यह सुनिश्चित किया जाये कि एक टीम निगरानी के लिए मौजूद रहे तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जाये। मंगलवार को सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग तथा जिला की चारों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने संबंधित अधिकारियों से लोकसभा में शामिल 9 विधानसभा क्षेत्रों के बारे में भौगोलिक स्थिति के अलावा कुल मतदाताओं, मतदान केंद्रों, आवागमन सुविधाओं, विभिन्न टीमों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। लोस चुनाव के दौरान धन व शराब की आवाजाही पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाये तथा गत वर्ष की तुलना में शराब की बिक्री की भी निरंतर समीक्षा की जाए। पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य किया जाये। जिला की सीमा से गुजरने वाली प्रत्येक सडक़ से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग की जाए।



**रोहतक।** जिला की चारों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेते रोहतक लोस के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी।

### साइबर सेल निगरानी कर रही

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए डिस्ट्रिक्ट डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार की गई है। पुलिस बल के अलावा वांछित अर्ध सैनिक बलों की संख्या का भी आंकलन कर लिया गया है। फिलहाल एक अर्ध सैनिक बल की टुकड़ी जिला में चिन्हित बिन्दुओं पर तैनात की गई है। नियमित रूप से नाकों पर वाहनों की चैकिंग की जा रही है। साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों की निगरानी कर रही है। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्घ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस धारक हथियारों में से 81 प्रतिशत को जमा करवाया जा चुका है तथा अन्य को नोटिस भेजे जा रहे है। जिला में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण है।

### उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी बोले, 24 फ्लाईंग स्कवेड व 12 एसएसटी कार्यरत

उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि जिला की चारों विधानसभाओं में 24 फ्लाईंग स्कवेड व 12 एसएसटी कार्यरत है। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार- जिला में गठित की गई हैं। 1059 मतदान पार्टियां, 30 प्रतिशत स्टाफ रखा गया आरक्षित रोहतक लोकसभा क्षेत्र में रोहतक जिला की चार विधानसभा महम-60, गढ़ी-सांपला-किलोई-61, रोहतक-62, कलानौर (अनुसूचित जाति)-63, झज्जर जिला की चार विधानसभा बहादुरगढ़-64, बादली- 65, झज्जर (अनुसूचित जाति)-66, बेरी-67 तथा रेवाड़ी जिला की विधानसभा कोसली-73 शामिल है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। डीसी ने कहा कि जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित की गई सी-विजिल ऐप पर प्राप्त सभी शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा वर्तमान में कोई भी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के संदर्भ में आम जनता के सुझाव व शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### नगर निगम के संयुक्त आयुक्त एवं सी-विजिल के नोडल अधिकारी ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी

बैठक में जिला की चारों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों आशीष कुमार, दलबीर फोगाट व सुभाष चंद्र जून द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में किए गए चुनाव प्रबंधों की जानकारी दी गई। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त एवं सी-विजिल के नोडल अधिकारी विजय सिंह मलिक ने सी-विजिल तथा मतदान पार्टियों के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डॉ. जितेंद्र मलिक ने मतदान पार्टियों, इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों तथा वीवीपैट के संदर्भ में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। समीक्षा मीटिंग में सहायक पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार, दलबीर फोगाट व सुभाष चंद्र जून, पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगराधीश व उपजिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राकेश, विवेक कुंडू एवं संदीप, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डॉ. जितेंद्र मलिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### पठानिया पब्लिक स्कूल में समाचार वाचन प्रतियोगिता



कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम अब्दुल सलाम भाजपा के लगभग 290 उम्मीदवारों में से एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं, जिनकी पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए अब तक घोषणा की है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलाम को केरल की मुस्लिम बहुल मलप्पुरम सीट से मैदान में उतारा गया है, जो कांग्रेस सहयोगी आईयूएमएल का पारंपरिक गढ़ रहा है। एक साक्षात्कार में सलाम ने सीएए विवाद, हिंदुत्व और पीएम मोदी के प्रति मुस्लिम समुदाय के दृष्टिकोण सहित कई मुद्दों पर बात की।

### गुरुकुल विश्वभारती में सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में मंगलवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सड़क सुरक्षा पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का जूम एप्लीकेशन के माध्यम से यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। प्रतिभागियों में स्कूल प्रशासक, स्कूल नेता, डाइट सदस्य, अध्यापक, बीआरपी, एबीआरसी, विद्यार्थी व अभिभावक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशीला धनगर ने किया। कार्यक्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक सुनील बजाज व उपनिदेशक वीरेंद्र नाराजी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा पुलिस के डीएसपी राजेश चेची थे। गुरुकुल निदेशक नंदकिशोर, गुरुकुल अधिष्ठाता नंदलाल, प्राचार्य संजय कौशिक सहित सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के लिए दी। उन्होंने सभी जानकारियों को रुचि व गंभीरता से देखा।

### एचडीएफसी बैंक की सिविल लाइन शाखा का शुभारंभ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने किया उद्घाटन



**रोहतक।** नई सिविल लाइन शाखा का दीप जलाकर उद्घाटन करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ।

**रोहतक।** एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को रोहतक में अपनी नई सिविल लाइन शाखा का शुभारंभ किया। यह शाखा अशोका प्लाजा के पास खुली है और इसका उद्घाटन प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने रीबन काटकर किया। इस मौके पर ग्रोवर ने कहा कि एचडीएफसी बैंक नित नए आयाम छू रहा है और बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी काम कर रही है। उद्घाटन के मौके पर एचडीएफसी के सर्कल हेड सचिन महाजन, कलस्टर हेड रमन कौशिक और ब्रांच मैनेजर सुमित साहनी मौजूद रहे। सुमित साहनी ने बताया कि शाखा में उपभोक्ताओं के लिए ब्रांच में बचत खाता, चालू खाता, लोन की सुविधाएं होम लोन, पर्सनल लोन आदि की सुविधाएं दी जाएंगी।

### निर्विचार अवस्था में रहकर ही उन्मन अवस्था को किया जा सकता है हासिल

**रोहतक।** ओशोधारा नानक धाम मुरथल आश्रम से समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने उन्मन उपनिषद की वीडियो रिलीज की। उन्होंने कहा कि निर्विचार अवस्था में रहकर ही उन्मन अवस्था को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए अवेयरनेस और हृदय के तल पर संतों और छोटे बच्चों की तरह जीना होता है। अहोभाव, आत्म भाव, साक्षी भाव और विश्राम भाव इसके चार तल हैं जिनको समर्थगुरु ने विस्तार पूर्वक समझाया। एक प्रकार से सदा अहोभाव में रहकर और अपनी ब्लेसिंग के प्रति धन्यवादी होकर उन्मन अवस्था को हासिल किया जा सकता है। ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक के रमेश खुराना, दिव्य नैन,ओंकार, अनाहद, डॉक्टर परमवीर इत्यादि ने इसके लिए समर्थगुरु के प्रति आभार प्रकट किया है।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट बच्चों ने मनाया येलो डे



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में पीले रंग की खूबियां और उसके महत्व की जानकारी देने के लिए 'येलो डे' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीले रंग के विभिन्न परिधानों से सजे अध्यापकों के साथ नर्सरी और केजी के स्मार्ट किड्स ने शिरक्कत की। बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पीले रंग को विभिन्न कार्य में प्रयोग में लाने के गुर भी सिखाए गए। इस आयोजन के दौरान बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों व ऑब्जेक्ट द्वारा पीले रंग के महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने पीला रंग स्वभाव से गर्म और ऊर्जा पैदा करने वाला होता है। यह रंग आंखों को सीधा प्रभावित करता है। मौके पर उपप्राचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा, राजेंद्र मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता में सोनम रही प्रथम



**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैंपस में चौथी जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें सुनारिया गांव की बेटी सोनम ने अपने आयु वर्ग ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगीता में बेटी ने स्टडी फॉर एज ट्रस्ट की तरफ से भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। ट्रस्ट के प्रधान मनजीत सिंह और सदस्य किरण बुधवार ने बेटी सोनम को शुभकामनाएं दी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती पर बन रहे हैं पांच दुर्लभ संयोग : साध्वी मानेश्वरी देवी

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में गद्दीनशीन व ज्योतिषाचार्य साध्वी मानेश्वरी देवी ने बतायाकि इस साल शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दौरान पूजा करने, शुभ कार्य शुरू करने और नई वस्तुएं खरीदने से आपको लाभ मिल सकता है। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हिंदू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। इस तिथि को ही अक्षय तृतीया के नाम से भी पुकारा जाता है। माना जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। यही वजह है कि हिंदू धर्म में मान्यता रखने वाले लोग इस दिन ग्रह-प्रवेश, शादी, सगाई जैसे काम करते हैं। इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म उत्सव भी है ऐसे में अगर इस शुभ तिथि के दिन कुछ शुभ संयोग भी बन जाएं तो इसे सोने पर सुहाग ही कहा जाएगा। साल 2024 में कुछ ऐसा ही होने वाला है इस बार अक्षय तृतीया के दिन कुछ शुभ संयोग भी बनने जा रहे हैं।



### इन शुभ संयोगों में मनाई जाएगी

अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार है और साथ ही सुकर्मा योग भी इस दिन रहेगा। सुकर्मा योग का आरंभ दोपहर 12 बजकर 7 मिनट से होगा और अगले दिन लगभग 10 बजे तक यह योग बना रहेगा। इस योग में खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा, इस नक्षत्र के स्वामी भौतिक सुखों के दाता शुक्र ग्रह हैं इसलिए रोहिणी नक्षत्र में किसी भी तरह का कार्य शुरू करना आपके लिए शुभ फलदायक रह सकता है। इसके बाद पूरे दिन भर मृगशिरा नक्षत्र रहेगा इस नक्षत्र को भी ज्योतिष में शुभ माना गया है। इसके साथ ही तैतिल और गर करण का निर्माण भी इस दिन होगा। इसलिए अक्षय तृतीया को बेहद खास माना जा रहा है। इस दिन पांच दुर्लभ योग बन रहे हैं गजकेसरी योग, शश योग,मालव्य योग, धन योग,सुकर्मा योग जिनको बहुत अद्भुत फल देने वाला माना गया है।

**पूजा-खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त:** अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन पूजा के लिए सबसे सही समय सुबह 5 बजकर 33 मिनट से दोपहर 12 बजकर 17 मिनट तक रहेगा। वहीं खरीदारी करने के लिए पूरा दिन ही शुभ माना जाएगा लेकिन सोना-चांदी अगर आप दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बाद खरीदें तो आपके लिए ज्यादा शुभ साबित हो सकता है, क्योंकि दोपहर के बाद सुकर्मा योग शुरू हो जाएगा।

## किसान को प्रति एकड़ 50 हजार का मुआवजा दें: दलजीत मलिक



**रोहतक।** पत्रकारो से बातचीत करते देव हिन्दू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** देव हिन्दू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा है कि जो राजनीतिक पार्टी उनके चार मुद्दों को पूरा करेगी उनका मंच उसका समर्थन करेगा। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरियाणा में शिक्षा का स्तर गिरता ही जा रहा है, सरकारी स्कूल बंद होने के कगार पर पहुंच चुके हैं और लगतार गिरता शिक्षा का स्तर एक चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश के सरकारी स्कूलों का विकास होना चाहिए ताकि प्रदेश के हर वर्ग को शिक्षा का लाभ मिल सके। दलजीत ने कहा कि अगर किसी भी तरह किसान की फसल बर्बाद होती है तो किसान को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मिलना चाहिए। साथ ही सरकार को पत्रकारों की पेंशन को 15 से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करना चाहिए और पेंशन बनाने की प्रकिया को सरल किया जाए। पत्रकारवार्ता के दौरान महामंत्री रणबीर सिंह, प्रदेशाध्यक्ष राजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष आजाद सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला से 52 हजार 500 रुपये की ऑनलाइन ठगी

**यूं ठगा**
**आप गूगल पे चलाते हो पापा ने नंबर दिया था**

**रोहतक।** विशाल नगर में एक महिला के साथ 52 हजार 500 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। विशाल नगर निवासी मोनिका मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 मई को मेरे पास फोन आया और कहा कि मैं आपके पापा के पास बैठा हूं। मुझे आपके पापा ने नंबर दिया है कि आपके नंबर पर 12500 रुपये भेजने हैं। क्या आप गुगल पे पर यही मोबाइल नंबर चलाते हो तो मैने सच मानकर हां कह दिया। इसके बाद मेरे पास 10 हजार का मैसेज आया और उसके बाद मेरे पास 2500 का मैसेज आया तो उस व्यक्ति ने मुझसे कहा कि आपके पास 2500 भेजने थे, लेकिन 25 हजार भेज दिए गए। मैं आपको मोबाइल नंबर भेज रहा हूं आप 22500 वापस भेज दो। व्हाट्सएप पर दो स्कैनर की फोटो भेजी तो मैंने उस व्यक्ति को 2000, 5000, 3000, 2000, 3000, 4000, 1500, 2000 रुपये वापस भेज दिए। उसके बाद मोबाइल नंबर पर एक और 30 हजार का मैसेज आया और उस व्यक्ति ने मुझसे कहा कि ये 30 हजार आप मेरे दोस्त को भेज दो जो अस्पताल में दाखिल है। तो मैंने कहा कि आप खुद क्यों नहीं भेज देते तो उसने कहा कि मेरे फोन से उसके पास पैसे नहीं भेजे जा रहे हैं। आप अपने फोन से जो स्कैनर मैंने आपको भेजा है, उसकी पर भेज दो। जिसके बाद उसके स्कैनर पर 30 हजार रुपये भेज दिए। उसके बाद मेरे फोन पर 40 हजार का मैसेज आया और जब मैं उन 40 हजार की ट्रांजेक्शन करने लगी तो मेरे फोन पर ट्रांजेक्शन फेल का मैसेज आया तो मैंने अकाउंट में जाकर चैक किया तो मेरे खाता से सभी पैसे खत्म हो गए।

## फिजियोथेरेपी का चिकित्सा जगत में महत्वपूर्ण स्थान: प्रो. एचएल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में फिजियोथेरेपी संकाय द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के तत्वाधान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहिम के तहत पीजीआईएमएस से आए विषय विशेषज्ञ टीम द्वारा न्यूरल मॉबलाइजेशन-हैंड्ज ऑन वर्कशॉप के माध्यम से फिजियोथेरेपी विद्यार्थियों, रिसर्च स्कॉलर और फिजियोथेरेपिस्ट को अवगत एवं विषय निपुण करवाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. एचएल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. मनोज वर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. नवीन कपिल, संकाय के डीन डॉ. विनय जग्गा ने दीप प्रज्वलन करके किया। बाबा मस्तनाथ विवि के कुलपति प्रो एचएल वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फिजियोथेरेपी को आज के दौर में अति महत्वपूर्ण चिकित्सा आवश्यकता बताया। उन्होंने वर्क्शाप के विषय विशेषज्ञ डॉ. भावना वर्मा और डॉ. पूनम धनखड़ का आभार प्रकट किया।



### वर्कशाप में 5 राज्य और 6 विवि का प्रतिनिधित्व रहा

अतिथि वक्ता डॉ. पूनम धनखड़ ने तंत्रिका तंत्र की आधुनिक जानकारी सांझा की। विषय विशेषज्ञ डॉ. भावना वर्मा ने न्यूरल मॉबलाईजेशन विषय को समझाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में फ़िजीयोथेरेपी के विद्यार्थी, रिसर्च स्कॉलर के साथ शैक्षणिक और व्यवसायी फिजियोथेरेपिस्ट ने हिस्सा लिया। कुल प्रतिभागी संख्या 384 रही जिनमें से 215 ने पोस्टर व 45 ने पेपर प्रेजेंट किए। वर्कशाप में 5 राज्य और 6 विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व रहा। वर्क्शाप की सह संयोजक डॉ. सोनिया सरोहा सह अधिष्ठाता एवं डॉ. रुचि सैनी रहे। मंच संचालन डॉ. सोनिया ने किया।

**अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस आज**

# थैलेसीमिया खून से जुड़ी एक गंभीर बीमारी, माता पिता से ही बच्चों तक पहुंचती है: डॉ अल्का यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

थैलेसीमिया खून से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है जिसमें व्यक्ति के शरीर में हीमोग्लोबिन बनना बंद हो जाता है। यह बीमारी पेरेंट्स से बच्चों तक पहुंचती है। ऐसे में इस लेकर जागरुकता फैलाने के मकसद से हर साल 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। यह कहना है थैलेसीमिया विभाग की इंचार्ज डॉ. अल्का यादव का। उन्होंने थैलेसीमिया दिवस की पूर्व संध्या पर थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष इस दिवस की थीम जीवन को सशक्त बनाना, प्रगति को गले लगाना, सभी के लिए न्यायसंगत और सुलभ थैलेसीमिया उपचार रखी गई है। उन्होंने कहा कि यह दिन थैलेसीमिया के मरीजों को समर्पित है, जो इस बीमारी से जूझ रहे हैं। साथ ही इसे उन लोगों की याद में भी मनाया जाता है, जिन्होंने इस बीमारी की वजह से अपनी जान गंवाई है।

### दो तरह का होता है माइनर और मेजर



डॉ. अल्का यादव

डॉ. अल्का यादव ने बताया कि भारत में ही हर साल लगभग 10,000 से 15,000 बच्चे थैलेसीमिया के साथ पैदा होते हैं। ऐसे में इस बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाने के मकसद से हर साल थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। यह बीमारी माता-पिता से बच्चे में जाती है और इसकी वजह से बहुत सारे रेड ब्लड सेल्स खत्म होने लगते हैं। अल्फा और बीटा थैलेसीमिया के दो रूप हैं। डॉ. अल्का ने बताया कि आमतौर पर शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र करीब 120 दिन होती है, लेकिन थैलेसीमिया के रोगी के शरीर में लाल रक्त कणों की उम्र मात्र 20 दिन ही रह जाती है। ऐसे में हर 20 से 25 दिन बाद इन मरीजों को बाहर से खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस बीमारी का सही उपचार न मिल पाए तो ये मौत की वजह भी बन सकती है। थैलेसीमिया दो तरह का होता है माइनर और मेजर। जब पति या पत्नी में से किसी एक के क्रोमोजोम खराब होते हैं तो बच्चे को माइनर थैलेसीमिया होता है। माइनर थैलेसीमिया में मरीज सामान्य लोगों की तरह जीवन जीने में सक्षम होता है, लेकिन जब पति और पत्नी दोनों के क्रोमोजोम खराब होते हैं, तब बच्चे को मेजर थैलेसीमिया होता है। ऐसे में उसे बार बार बाहर से खून लेने की जरूरत पड़ती है। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंडल मित्तल ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक में सुविधाएं पीजीआइएमएस में थैलेसीमिया के इलाज में प्रयुक्त होने वाली सुविधाएं उपलब्ध है, जैसे निःशुल्क आयरन केलेशन दवाएं और रक्त आधान, पूर्ण नैदानिक परीक्षण आदि।

### ये हो सकते हैं लक्षण

*डॉ. अल्का ने बताया कि बीमारी के कुछ प्रमुख लक्षणों में एनीमिया, पीली त्वचा, अत्यधिक थकान, सांस लेने में तकलीफ, अनियमित दिल की धड़कन, उच्च रक्तचाप आदि शामिल है।*

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2
नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# अधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

## रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से दी जानकारी

**जिम्मेदारी**

■ डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी को सामान्य पर्यवेक्षक और घनश्याम बंसल को पुलिस पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी व पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल ने रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार के साथ जिला की चारों विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रॉंग रूम एवं मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्ट्रांग रूम की उचित निगरानी की जाए तथा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएं। बैरिकेडिंग के भी प्रबंध करें। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।



रोहतक। चारों विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी व पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल। फोटो : हरिभूमि

**इन स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण:** सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी, पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल तथा रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने जाट शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किए गए चारों विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। महम विधानसभा के लिए महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हॉल, गढ़ी-सांपला-किलोई के लिए जाट कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल, रोहतक विधानसभा के लिए जाट हीरोज मेमोरियल एंगलो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा कलानौर (अनुसूचित जाति) विधानसभा के लिए सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ब्लॉक-2 में स्ट्रांग रूम स्थापित किए गए हैं।

### ये अधिकारी रहे साथ

इस अवसर पर सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार, महम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फोगाट, गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून, डीएसपी विवेक कुंडू, संदीप व राकेश, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष मलिक, तहसीलदार राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तथा वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा अनुसार अलॉट की गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें यहां पर रखी गई है।

**खबर संक्षेप**

### सेल्समैन लाखों की नकदी और रिकॉर्ड लेकर गायब

**सांपला।** चुलियाणा मोड़ के पास रयान ऑयल पंप का सेल्समैन लाखों की नगदी व पंप का रिकॉर्ड लेकर गायब हो गया। पंप मालिक रोहतक निवासी अवतार सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका चुलियाणा मोड़ पर आयल पंप है। जिस पर जय भगवान, लीला व तिरसेम सेल्समैन लगे हुए हैं। 6 मई की सुबह आकर पंप चेक किया तो मशीन बंद मिली। तीनों कर्मचारी गायब मिले। सेल के रिकॉर्ड चेक किया तो 2 लाख 89361 और हिसाब की कापी गायब मिली। अगले दिन जय भगवान ड्यूटी पर पहुंचा। जबकि लीला ने पंप पर ना आने का कारण चोट बताई।

### इंश्योरेंस के बहाने ओटीपी पूछा, 70000 रुपये उड़ाए

**सांपला।** भैंसरू खुर्द निवासी युवक के खाते से अज्ञात ठगों ने 70 हजार रुपए ठग लिए। राकेश ने बताया कि उसके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया। उन्होंने इंश्योरेंस की बात कही। आपके फोन पर जो ओटीपी नंबर आए वह मुझे बताना। मैंने विश्वास कर ओटीपी नंबर बताया तो शाम को उसके खाते से दो बार में करीब 70000 रुपये निकाल लिए गए।




# कैंपस स्कूल ने मनाया 41वां स्थापना दिवस

■ विज्ञान संकाय के हिमेश को हेड बॉय तथा कॉमर्स संकाय की राखी को हेड गर्ल चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक.

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल का 41वां स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल की निदेशक प्रो. विनिता शुक्ला ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मियों तथा विद्यार्थियों को स्कूल के 41वें स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल की विकास यात्रा गौरवमयी रही है। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धियां प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कैंपस स्कूल के स्थापना दिवस पर विज्ञान संकाय, बारहवीं कक्षा के छात्र हिमेश को हेड बॉय तथा कॉमर्स संकाय, बारहवीं कक्षा की छात्रा राखी को हेड गर्ल चुना गया। कॉमर्स के बारहवीं कक्षा के छात्र कार्तिक को स्पोर्ट्स कैप्टन बॉयज तथा मुस्कान को स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल्स चुना गया। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक मनोज हुड्डा ने उपरोक्त विद्यार्थियों को उनके दायित्व व जिम्मेदारियों के महत्व बारे बताया। शिक्षिका सरिता सिंधु ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया और स्थापना दिवस की महत्ता से अवगत करवाया। कैंपस स्कूल की कोआर्डिनेटर शिक्षिका रीना ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। इस अवसर पर कैंपस स्कूल के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



रोहतक। चुनाव खर्च से संबंधित टीमों की बैठक लेते हुए रोहतक लोकसभा क्षेत्र खर्च पर्यवेक्षक सत्य नारायण ताखर। फोटो : हरिभूमि

# टीमें जनसभाओं की हर वस्तु की करें रिकॉर्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा क्षेत्र खर्च पर्यवेक्षक सत्य नारायण ताखर ने फ्लाइंग स्कवेड टीम, स्टेटिक सर्विलेंस टीम तथा अकाउंटिंग टीम के प्रभारियों व सहायकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा आयोजित की जा रही जनसभाओं में प्रयुक्त हर वस्तु की रिकॉर्डिंग कर प्रमाण एकत्रित करें। टीमें क्यू-सीट्स तैयार करें तथा शैडो रजिस्टर बनाये।

हर उम्मीदवार के लिए अलग-अलग शैडो रजिस्टर बनाकर टीम द्वारा आंके गए खर्च का ब्यौरा दर्ज करें। खर्च पर्यवेक्षक मंगलवार को एनआईसी कार्यालय के वीडियो कांफ्रेंस कक्ष में चुनाव खर्च से संबंधित टीमों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सत्य नारायण ताखर ने कहा कि यह टीमें पूरी जनसभाओं की पूरी रिकॉर्डिंग करें। विधानसभा अनुसार लगाये गए नाकों पर 24 घंटे निगरानी करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा प्रत्याशी के लिए चुनाव खर्च की सीमा 90 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि टीमें प्रत्येक उम्मीदवार के लिए शैडो रजिस्टर तैयार करें।

### डिविजन सुधार करने के लिए स्पेशल चांस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वर्ष 2001 से रजिस्टर्ड यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्री पूरी करने तथा बीएड को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में अपनी डिविजन में सुधार करने के लिए स्पेशल चांस दिया है। स्पेशल चांस के तहत परीक्षा फार्म पैनल 15 मई से 5 जून 2024 तक लाइव रहेगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू के यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2001 से पंजीकृत उन विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिया गया है, जो किसी कारणवश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए, उनकी डिग्री पूरी नहीं हुई और अपनी डिग्री पूरी करने के सभी चांस ले चुके हैं। प्रो. तनेजा ने बताया कि बीएड को छोड़कर अन्य यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में मार्क्स इंप्रूवमेंट के लिए भी स्पेशल चांस दिया गया है। स्पेशल चांस के तहत पात्र विद्यार्थी 15 मई से 5 जून तक परीक्षा फार्म और फीस पैनल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्पेशल चांस के तहत परीक्षाएं जून/जुलाई में ऑफलाइन मोड में एमडीयू कैंपस में आयोजित की जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### वैश्य कॉलेज ऑफ एजूकेशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजूकेशन में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा की देखरेख में इलेक्टोरल क्लब की संयोजिका डॉ. मधु व टीम सदस्य डॉ. सुदेश, डॉ. मोनिका, दिनेश द्वारा मतदान जागरूकता के प्रति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने कहा कि अगर हम अपने देश को मजबूत और शिक्षित बनाना चाहते हैं, तो यह तभी संभव हो सकता है जब हम शत प्रतिशत मतदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ. ज्योति आहूजा, प्रीती, डॉ. निधि, मीनू गुप्ता, अंजू सचदेवा, डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. पूजा, इंदू, डॉ. कुसुम, डॉ. सुनीता, मनजीत, पूजा, परीक्षा, सीमा, सुनीता, राहुल, सुमित, ललिता मौजूद रहे।

# 710 पीठासीन अधिकारियों को दिया चुनाव प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक.



■ मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की हैंड ऑन की ट्रेनिंग दी

चुनाव ड्यूटी पर तैनात पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महम के उपमंडल अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फोगाट ने मंगलवार को जिला विकास भवन स्थित सभागार में 710 पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। संसाधन अधिकारी के तौर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी दलबीर फोगाट ने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को फार्म 17-सी, पीठासीन अधिकारी डायरी, पीठासीन अधिकारी घोषणा तथा पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट, चुनाव प्रक्रिया के तहत राजनीतिक एजेंट, मॉक पोल व वास्तविक पोल के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की हैंड ऑन ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को कहा कि लोकसभा चुनाव में वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले 25 मई को सुबह 5:30 बजे राजनीतिक एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल करवाना है। मॉकपोल में प्रत्येक उम्मीदवार को बराबर-बराबर वोट डलवानी है तथा मॉकपोल में कम से कम 50 वोट डलवाना अनिवार्य है। इसके बाद इन एजेंटों को वोटों की गिनती भी दिखानी है।

मतदान के समय मतदान की गोपनीयता रखना सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा उन्होंने मतदान शुरू व खत्म होने के समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। 8 मई को सांपला के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 4 शिफ्टों में सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक सहायक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।



### गेहूं उठान में महम अनाज मंडी सबसे फिसड्डी, 51 प्रतिशत ही हुई लिफ्टिंग

■ जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया

**महम।** यदि मंडियों से गेहूं के उठान की बात करें, तो महम अनाज मंडी जिले की अनाज मंडियों में सबसे पीछे चल रही है। महम अनाज मंडी से अब तक केवल 51 प्रतिशत गेहूं का ही उठान हो पाया है। रोहतक के जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी धर्मराज दांगी ने मंगलवार को महम अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों के प्रति इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि अब तक महम मंडी गेहूं उठान के मामले में काफी पीछे चल रही है। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव रामनिवास से इसका कारण भी पूछा। उन्होंने प्रवर्तन अधिकारी को बताया कि वेयर हाऊस द्वारा बारदाना उपलब्ध करवाने में देरी हुई है।

शुरूआती दिनों में गेहूं में नमी भी थी, जिस कारण गेहूं का उठान समय पर नहीं हो पाया। डीएमईओ धर्मराज दांगी ने बैठक में बताया कि यदि जिलेभर की मंडियों और गेहूं खरीद केंद्रों की बात करें, तो किलोई में 81 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। यहां 2 लाख 18 हजार 304 क्विंटल गेहूं का उठान हुआ है। रोहतक अनाज मंडी में 66 प्रतिशत गेहूं उठाया जा चुका है। यहां 8 लाख 61 हजार 283 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। जिसमें से 8 लाख 46 हजार 83 क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है। लाखन माजरा मंडी से 52 प्रतिशत गेहूं उठाया गया है। यहां 3 लाख 964 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया है। मदीना में 62 प्रतिशत गेहूं का उठान हुआ है। यहां 1 लाख 43 हजार 935 क्विंटल गेहूं उठाया गया है।

# पांच सहायक प्राध्यापक चयनित 11 फाइनेंस कंपनी में सलेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक.



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में मंगलवार को कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 5 विद्यार्थियों का चयन बतौर सहायक प्राध्यापक हुआ है। इधर यूनिवर्सिटी के ही 11 छात्रों को फाइनेंस कंपनी में नौकरी मिली है। फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष एवं डीन प्रो. हरीश दूरेजा ने बताया कि फरीदाबाद के बीएस अनंगपुरिया कालेज ऑफ फार्मेसी की टीम ने सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन के लिए विभाग में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजिट की। बीएस अनंगपुरिया कालेज ऑफ फार्मेसी के डॉ. शिव कुमार यादव तथा डॉ. बीपी श्रीनिवासन ने विभाग विद्यार्थियों के मूल्यांकन के बाद पांच विद्यार्थियों- वानी गनगल, वर्षा, सुषमा, कार्तिक बंसल तथा चिनमय शर्मा का चयन बतौर सहायक प्रोफेसर किया। प्रो. हरीश दूरेजा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आशु ने इस कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन किया। विश्वविद्यालय के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि प्रतिष्ठित गृहम हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजिट की। गृहम हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के अधिकारी दीपक व अजीत ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसके बाद 11 विद्यार्थियों नितिका राठी, सोनू बल्हारा, जयदीप, मनीष, संदीप वत्स, भूपेन्द्र, हिमांशी सोनी, सुनील, साहित निंबल, संदीप कुमार व नमन का चयन कंपनी द्वारा किया गया।

### जेल भेजने की धमकी देकर 63,33,325 रुपये ठगने के आरोप में चार गिरफ्तार

■ 7 मार्च को सेक्टर-36ए निवासी कुमुदिनी ने दर्ज करवाई थी शिकायत

**रोहतक।** पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा महिला को पार्सल में नशीला पदार्थ बताकर पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ़्तार कर जेल भेजने की धमकी देकर 63,33,325 रुपये ठगने की वारदात में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। साइबर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि 7 मार्च को सेक्टर-36ए निवासी कुमुदिनी ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 29 फरवरी को कुमुदिनी के पास सुबह के सयम कॉल आया और उसने कहा कि उनके नाम का पार्सल बुक हुआ है। उन्होंने कुमुदिनी को कहा कि पार्सल मुंबई से बुक हुआ है। कुमुदिनी के मना करने पर उन्होंने पार्सल की झूठी जानकारी भेजी व कहा कि कुमुदिनी को संदिग्ध माना जा रहा है। पार्सल में कपड़े, लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट व एमडीएमए ड्रग्स है। जो फीडैक्स इंटरनेशनल कोरियर सर्विस द्वारा ईरान भेजे जा रहे हैं। कुमुदिनी को फोन पर बार-बार किसी पुलिस अधिकारी की साइबर पुलिस की फ़र्जी आईडी भेजकर गिरफ़्तार करने की धमकी देकर कुमुदिनी के सारे अकाउंट की डिटेल ली। मुंबई पुलिस का डीएसपी बनकर कुमुदिनी से बात की व एक साल के खाते की ट्रांजेक्शन की जानकारी ली। कुमुदिनी के पास गिरोह का फोटो भेजा गया। उन्होंने कहा कि उसे साबित करना पड़ेगा कि उसकी आईडी चुराई गई है और उसका किसी गिरोह से कोई लेना देना नहीं है। कुमुदिनी को गिरफ़्तार करने की धमकी देकर उसके अकाउंट का पासवर्ड वह अन्य जानकारी ली और दूसरे अकाउंट में पडे पैसों को ट्रांसफ़र करवा लिया।

**गांवों में भी कैंप लगाकर समस्याएं सुनीं जाएंगी**

# कैंप में पहुंची केवल दस शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पेयजल सम्बंधित शिकायतों को सुनने के लिए रोजाना कैंप लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को छोटूराम स्टेडियम में कैंप लगाया गया, जहां जेई देवेंद्र की टीम ने समस्याएं सुनी। सुबह नौ बजे से एक बजे तक केवल दस शिकायतें ही कैंप में पहुंची।

हरकी देवी, रामगोपाल कालोनी, तिलक नगर, जसबीर कॉलोनी, शीला बाईपास आदि एरिया के लोगों ने शिकायत की है कि उनके मकानों में पानी का कम प्रेशर आता है जिसकी वजह से उन्हें पूरा पानी नहीं मिल पा रहा। इसके अलावा एक समय ही पानी की सप्लाई आ रही है। जेई ने लोगों को आश्वासन दिया कि 13 मई के बाद नहर में पानी आने पर हालात सामान्य हो पाएंगे। तब तक विभाग केवल एक समय ही पानी की सप्लाई दे सकता है। उन्होंने शिकायतों पर जल्द कार्रवाई के लिए कहा।



### आज यहां लगेगा कैंप

एसडीओ राजेश रोहिल्ला ने बताया कि 8 व 9 मई को झज्जर रोड पर स्थित द्वितीय जलघर में कैंप लगाया जाएगा। जहां जेई मयंक शिकायतें सुनेंगे और उनका जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा। उन्होंने बताया पेयजल से सम्बंधित समस्याओं पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। फिलहाल शहर में कहीं गंदे पानी की समस्या भी नहीं है। उन्होंने बताया शहर की तर्ज पर निकटवर्ती गांवों में भी कैंप लगाकर समस्याएं सुनी जाएंगी।

# पुलिस ने अदालत से सुपरदारी कराकर पीड़ित को दिला दिए 11 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। बाबा कपिल पुरी को 11 लाख रुपये सौंपते पुलिस अधिकारी।

पुलिस ने अयोध्या में प्लॉट दिलवाने के नाम पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी से 11 लाख रुपये बरामद हुए थे। बरामदगी होने के अगले ही दिन स्वयं ही अदालत में पीड़ित के पक्ष ने 11 लाख रुपये की सुपरदारी करने के लिए दरखास्त दी। कोर्ट द्वारा दरखास्त को मंजूर कर पीड़ित के पक्ष में 11 लाख रुपये की सुपरदारी करने के लिए आदेश दिए गए।

पुलिस द्वारा तुरंत प्रभाव से पीड़ित को 11 लाख रुपये सौंपे गए। पुलिस द्वारा बरामदगी के अगले ही दिन आरोपी व पीड़ित को कोर्ट में पेश कर बरामद हुए सामान की सुपरदारी की कार्यवाही कराई जाती है। साइबर क्राइम प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गौकर्ण तीर्थ आश्रम निवासी महंत कपिलपुरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि महंत कपिलपुरी को आश्रम बनाने के लिए अयोध्या में प्लॉट की जरुरत थी। मंहत कपिलपुरी के जानकार मंहत स्वामी विवेकानंदपुरी ने कहा कि आयोध्या में उसकी जानकारी है और उसे वहां प्लॉट दिलवा देगा। स्वामी विवेकानंदपुरी ने सिद्धनाथ नामक संत से मोबाइल पर बात करवाई। सिद्धनाथ ने कहा कि उसकी जानकारी में अयोध्या में प्लॉट है जो राम मंदिर के नजदीक पड़ता है और वह उसे दिलवा देगा। सिद्धनाथ ने कहा कि जगह का ब्याना कराने के लिये 30 लाख रुपये लगेंगे। सिद्धनाथ ने कहा कि रुपये उसकी शिष्या कंचन कुमारी के खाते में जमा करवा दे। मंहत कपिलपुरी ने 30 लाख खाते मे ट्रांसफर कर दिए। महंत कपिलपुरी ने जमीन का विवरण मांगा तो कहा कि एक-दो दिन में विवरण देंगे।